भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 69 | बिजौलिया - शुक्रवार,23 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

सांवरा सेठ को चांदी के दो शोरूम भेंट, कीमत 7 लाख रुपए

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।



मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री सांवलियाजी मंदिर में दिल्ली के आभूषण कारोबारी गिरी जेवर महल की ओर से सांवरा सेठ को चांदी के दो शोरूम भेंट किए गए। इन दोनों मॉडलों का कुल वजन 3.370 किलोग्राम है और इनकी बाजार कीमत करीब 7 लाख 7 हजार 700 रुपए बताई गई है। कारोबारी ने अपने नए प्रतिष्ठानों के शुभारंभ की खुशी में ये मॉडल भगवान को अर्पित किए।

कारोबारी के नए शोरूम उत्तर प्रदेश के वाराणसी और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तैयार हुए हैं। वाराणसी के महमूरगंज क्षेत्र में बने गिरी जेवर महल काशी शोरूम का उद्घाटन 26 अक्टूबर को होगा, जबकि रायपुर में बने गिरी जेवर अरिहंत शोरूम का शुभारंभ 1 नवंबर को प्रस्तावित है।

मोदी बोले, कुछ लोग विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे, कांग्रेस पर भी साधा निशाना

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बदलती वैश्विक परिस्थितियों और भारत की भूमिका पर विचार रखते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुनिया नई व्यवस्था की तलाश कर रही है, जबकि कुछ लोग भारत में अव्यवस्था का सपना देख रहे हैं। मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग विदेशों में जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस अपने असफल प्रयोगों को फिर से आगे बढ़ाने के लिए देश को कब तक दांव पर लगाती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व व्यवस्था में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और उनका असर आम लोगों के जीवन पर भी पड़ रहा है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि दुनिया की व्यवस्था क्यों बदल रही है और इसमें भारत की भूमिका क्या होनी चाहिए। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर ने दुनिया को सम्मान, सहयोग और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का महत्व समझाया था। इसी सोच से संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ।

बदलती दुनिया में संयुक्त राष्ट्र के सामने चुनौतियां

मोदी ने कहा कि तकनीक ने दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। पहले जो देश वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे, आज उनकी भूमिका भी बढ़ी है। दुनिया की समस्याएं बदल रही हैं, लेकिन उनके समाधान के तरीके उसी गति से नहीं बदल रहे। इसी कारण मौजूदा व्यवस्था और नई चुनौतियों के बीच दूरी दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं को बदलती परिस्थितियों और नई आवाजों को जगह देने की जरूरत है।



व्यापार और समुद्री मार्ग बन रहे रणनीतिक चुनौती

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज व्यापार का इस्तेमाल दबाव बनाने के साधन के रूप में किया जा रहा है और समुद्री मार्ग भी भू-राजनीतिक तनाव के केंद्र बन रहे हैं। ऐसे समय में नई वास्तविकताओं को वैश्विक व्यवस्था में स्थान देना जरूरी है। उन्होंने कोरोना महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय दुनिया को आपसी सहयोग की आवश्यकता थी, लेकिन कई देशों ने अपने हितों को प्राथमिकता दी थी। तभी उन्होंने दुनिया के लिए ऐसी नई व्यवस्था की जरूरत बताई थी, जिसके केंद्र में आम लोग हों।

चाणक्य के उदाहरण से समझाई व्यवस्था की अहमियत

मोदी ने प्राचीन भारतीय विचारक चाणक्य का उल्लेख करते हुए कहा कि जब व्यवस्था कमजोर पड़ती है, तो मत्स्य न्याय की स्थिति पैदा होती है। इसका अर्थ है कि ताकतवर कमजोर पर हावी हो जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है, जो सभी देशों और लोगों के हितों को ध्यान में रखे। उनके संबोधन में भारत की वैश्विक भूमिका, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मौजूदा विश्व व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता प्रमुख विषय रहे।

पंचायत चुनाव में ननद-भाभी आमने-सामने, पीएचडी धारक ने छोड़ी नौकरी

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।

पंचायती राज चुनाव को लेकर जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। 23 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि होने से कलेक्ट्रेट परिसर में दावेदारों और उनके समर्थकों की भीड़ जुट रही है। कई वार्डों में एक ही दल से कई दावेदार होने के कारण टिकट को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

इस बीच जिला परिषद के वार्ड संख्या 14 में एक ही परिवार की ननद और भाभी दोनों के नामांकन दाखिल करने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। इनमें डॉ. कंचन जाट भी शामिल हैं, जो एमएससी और पीएचडी कर चुकी हैं। वे चित्तौड़गढ़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्यरत थीं। चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया और अब राजनीति में अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में उतरी हैं।

कोटा में जलते टैंकर को 400 मीटर दूर ले गया चालक, बड़ा हादसा टला

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

कोटा-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर गुरुवार दोपहर केमिकल से भरे एक टैंकर के ब्रेक लाइनर में अचानक आग लग गई। टैंकर से धुआं निकलता देख ग्रामीणों ने चालक को सूचना दी। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए जलते टैंकर को भीड़भाड़ वाले बाजार से करीब 300 से 400 मीटर दूर एक ढाबे तक पहुंचाया। वहां ग्रामीणों और ढाबा कर्मचारियों ने ट्यूबवेल चलाकर पानी से आग बुझाई। समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया।



घटना कनवास थाना क्षेत्र में दरा स्टेशन के पास दोपहर करीब साढ़े 12 से एक बजे के बीच हुई। दरा चौकी पर तैनात कांस्टेबल शेर सिंह के अनुसार, टैंकर जयपुर के बगरू से उज्जैन की ओर जा रहा था। इसी दौरान चलते टैंकर के ब्रेक लाइनर में आग लग गई। चालक टैंकर को आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले जाकर ढाबे के पास खड़ा कर दिया।

ट्यूबवेल चलाकर बुझाई आग

टैंकर के ढाबे पर पहुंचने के बाद कर्मचारियों और ग्रामीणों ने तुरंत ट्यूबवेल चलाया और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। आग से टैंकर के पीछे के टायर जल गए, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। चालक के अनुसार, टैंकर में पैराथिन नाम का गाढ़ा रसायन भरा हुआ था। घटना के बाद टैंकर ढाबे पर खड़ा रहा। सूचना के काफी देर बाद दमकल मौके पर पहुंची।

शादी से इनकार पर टावर पर चढ़ा युवक, 3 घंटे बाद उतरा

भीलवाड़ा फोकस @ अलवर

मंगलवार देर रात एक युवक महिला से शादी करने की जिद में करीब 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक महिला का नाम लेकर चिल्लाने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह महिला को बुलाने की मांग पर अड़ा



रहा। आखिरकार महिला के मौके पर पहुंचकर नीचे उतरने की अपील करने पर युवक टावर से नीचे उतरा।

सड़क हादसे में घायल स्टील फर्नीचर व्यवसायी की अहमदाबाद में मौत, गांव में शोक

21 सितंबर को हुआ था हादसा, सिर और जबड़े में आई थीं गंभीर चोटें

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी

शहर के निकट 21 सितंबर को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बल्दरखा निवासी सोहनलाल कलाल की अहमदाबाद में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में उनके सिर और जबड़े में गंभीर चोटें आई थीं। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए अहमदाबाद ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर से पैतृक गांव बल्दरखा सहित शाहपुरा और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।

हादसे के बाद सोहनलाल को गंभीर हालत में सेटेलाइट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल रेफर किया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। सिर और जबड़े में गंभीर चोटें होने के कारण ऑपरेशन के लिए उन्हें अहमदाबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर अहमदाबाद से शाहपुरा पहुंचे। मृतक का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा।



स्टील फर्नीचर व्यवसाय से जुड़े थे सोहनलाल

सोहनलाल कलाल शाहपुरा में स्टील फर्नीचर व्यवसाय से जुड़े हुए थे। उनके निधन पर परिवार, रिश्तेदारों, व्यापारिक साथियों और शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त किया। वे अपने पीछे पत्नी और छोटे बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। कम उम्र में परिवार के मुखिया के निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने शुरू की जांच

थाना पुलिस ने सड़क दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है।

खाद के लिए किसानों का प्रदर्शन, पेड़ पर चढ़े नरेश मीणा

भीलवाड़ा फोकस @ बारां

बारां। जिले के छबड़ा में डीएपी खाद की कमी से परेशान किसानों का गुरुवार को आक्रोश फूट पड़ा। खाद के लिए घंटों इंतजार करने के बावजूद उपलब्धता नहीं होने पर किसानों ने छबड़ा-सालपुरा राज्य राजमार्ग-51 पर जाम लगा दिया। स्थिति की जानकारी मिलने पर किसान नेता एवं भगत सिंह सेवा के प्रमुख नरेश मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों के साथ खेल मैदान में पहुंचकर पेड़ पर चढ़कर उन्हें संबोधित किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद नरेश मीणा हजारों किसानों के साथ हाथों में लाठियां लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। किसानों की मांग थी कि सभी जरूरतमंद किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाए।

दरअसल, छबड़ा के खेल मैदान में डीएपी खाद के लिए टोकन वितरित किए जा रहे थे। खाद लेने के लिए सुबह करीब तीन बजे से ही बड़ी संख्या में किसान खेल मैदान में पहुंचने लगे थे। इनमें महिला और पुरुष किसान



शामिल थे, जो लंबी कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। सुबह से दोपहर तक इंतजार करने के बाद भी जब किसानों को खाद नहीं मिल पाया तो उनका धैर्य जवाब दे गया। इसके बाद नाराज किसानों ने छबड़ा-सालपुरा राज्य राजमार्ग-51 पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अचानक हुए प्रदर्शन से क्षेत्र में हलचल मच गई और खाद की व्यवस्था को लेकर प्रशासन पर दबाव बढ़ गया।

पेड़ पर चढ़कर किसानों को किया संबोधित

किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नरेश मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने खेल मैदान में पेड़ पर चढ़कर किसानों को संबोधित किया। इस दौरान किसानों की खाद संबंधी परेशानी को उठाते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। इसके बाद नरेश मीणा किसानों के साथ उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। नरेश मीणा ने प्रशासन से सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग उठाई और स्पष्ट किया कि किसानों की समस्या का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन को सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने के बाद ही धरना समाप्त करने का अल्टीमेटम दिया।

जिला कलेक्टर से फोन पर की बात

धरने के दौरान नरेश मीणा ने जिला कलेक्टर से फोन पर बातचीत की। इसके बाद उन्होंने उपखंड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और कृषि विभाग के अधिकारियों से भी खाद की उपलब्धता को लेकर चर्चा की। अधिकारियों की ओर से गुरुवार और शुक्रवार को प्रतिदिन 3,200 कट्टे खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इस तरह दो दिनों में कुल 6,400 कट्टे खाद उपलब्ध कराने की बात कही गई। हालांकि, खाद की उपलब्धता और वितरण को लेकर प्रशासन तथा किसानों के बीच हुई वार्ता में सहमति नहीं बन पाई। किसान सभी जरूरतमंदों को खाद मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग पर अड़े रहे।

मेहान व्यास का सीबीएसई राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन

अंडर-14 वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा, भीलवाड़ा का नाम करेंगे रोशन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत



विट्टी इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी मेहान व्यास का सीबीएसई राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। अंडर-14 वर्ग में मेहान अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु के मदुरै में आयोजित होगी।

मेहान की इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय और डी.एस. स्पोर्ट्स एकेडमी में खुशी का माहौल है। मेहान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने क्रिकेट कोच दिगपाल सिंह सर, डी.एस. स्पोर्ट्स एकेडमी, अपने माता-पिता रोहित व्यास एवं कृति व्यास तथा विट्टी इंटरनेशनल स्कूल को दिया है।

मेहान ने कहा कि दिगपाल सिंह सर के मार्गदर्शन और डी.एस. स्पोर्ट्स एकेडमी में मिले नियमित प्रशिक्षण से उनके खेल में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने अपने माता-पिता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही, उन्होंने विट्टी इंटरनेशनल स्कूल का भी धन्यवाद किया, जिसने उन्हें अपनी क्रिकेट प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया।

मेहान के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन को उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, विद्यालय परिवार और डी.एस. स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से उन्हें बधाई एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई।

भीलवाड़ा में धर्मकांटों की जांच, दो प्रतिष्ठानों पर 80 हजार रुपए का जुर्माना



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देश पर जिले में धर्मकांटों की जांच का विशेष अभियान चलाया गया। विधिक मापविज्ञान विभाग की टीम ने तीन धर्मकांटों की जांच की, जिसमें दो प्रतिष्ठानों पर नियमों की पालना नहीं मिलने पर कुल 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

विधिक मापविज्ञान अधिकारी के अनुसार अभियान के दौरान माइक्रो धर्मकांटा धूवाला, कमला देवी चोपड़ा धर्मकांटा भदाली खेड़ा चौराहा तथा आशीर्वाद स्मार्ट इंफ्रा लिंक प्राइवेट लिमिटेड, दुल्हेपुरा टोल की जांच की गई।

जांच में माइक्रो धर्मकांटा धूवाला का विधिक मापविज्ञान विभाग से सत्यापन नहीं पाया गया। इस पर संबंधित प्रतिष्ठान पर 7 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, कमला देवी चोपड़ा धर्मकांटा भदाली खेड़ा चौराहा नियमानुसार संचालित पाया गया।

इसी प्रकार दुल्हेपुरा टोल स्थित आशीर्वाद स्मार्ट इंफ्रा लिंक प्राइवेट लिमिटेड में इन-मोशन वेब्रिज का सत्यापन नहीं मिलने, मौके पर एक टन का मानक बाट उपलब्ध नहीं होने तथा सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं करने पर 73 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

विभाग ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और विधिक मापविज्ञान नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भीलवाड़ा जिले में प्रथम चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 61.19 प्रतिशत वोटिंग

शाम 6 बजे तक 5.47 लाख से अधिक मतदाताओं ने किया मतदान, 9 पंचायत समितियों में हुआ निर्वाचन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायत राज चुनाव के तहत जिले में प्रथम चरण का मतदान गुरुवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चले मतदान में जिले में कुल 61.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान 5,47,569 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि प्रथम चरण में जिले के 28 जिला परिषद सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों, जिनमें 23 पूर्ण एवं 5 आंशिक क्षेत्र शामिल हैं, तथा 177 पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान कराया गया।

उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। जिले में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रथम चरण में कोटड़ी, जहाजपुर, खजूरी, मांडलगढ़, बिजोलिया, मांडल, करेड़ा, सुवाणा और बनेड़ा पंचायत समितियों में मतदान हुआ। मतदान समाप्त होने के साथ ही प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों के बजाय ईवीएम में बंद हो गई है। अब प्रत्याशियों और समर्थकों को चुनाव परिणाम का इंतजार है।

मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग

वनवासी कल्याण परिषद ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन, गोविंद गुरु के नेतृत्व में हुए जनजातीय बलिदान को राष्ट्रीय पहचान देने की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने और जनजातीय बलिदान की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने की मांग को लेकर वनवासी कल्याण परिषद ने गुरुवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राजस्थान के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

परिषद के जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि ज्ञापन में 17 नवंबर 1913 को मानगढ़ पहाड़ी पर अंग्रेजी शासन की गोलीबारी में शहीद हुए जनजातीय महिला-पुरुषों और आंदोलनकारियों के बलिदान को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में उचित स्थान देने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि गोविंद गुरु के नेतृत्व में चले भगत आंदोलन ने जनजातीय समाज में सामाजिक सुधार, स्वाभिमान और राष्ट्रीय चेतना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

परिषद ने मानगढ़ को राजस्थान सहित गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के जनजातीय समाज की साझा ऐतिहासिक विरासत बताते हुए स्थल के संरक्षण और विकास पर जोर दिया। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 1 नवंबर 2022 की मानगढ़ यात्रा और राष्ट्रपति की 4 अक्टूबर 2024 की यात्रा का भी उल्लेख किया गया।

इस दौरान रामप्रकाश अग्रवाल, दिवाकर जावा, पदम जैन, कैलाश नंदावत, ज्ञानचंद जैन, रूपलाल अजमेरा सहित परिषद के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

शिल्पोत्सव के अंतिम दिन उद्यमियों को सरकारी योजनाओं और बैंक ऋण प्रक्रिया की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीलवाड़ा ग्रामीण हाट में आयोजित सात दिवसीय 'भीलवाड़ा शिल्पोत्सव-2026' का गुरुवार को समापन हुआ। अंतिम दिन केंद्र सरकार की RAMP (रेम्प) योजना के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हस्तशिल्पियों, उद्यमियों और अन्य प्रतिभागियों को उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं, वित्तीय सहायता और बैंक ऋण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में RAMP IA प्रतिनिधि असमा रिजवी और जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी डिंपल लक्षकार ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए संचालित सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, वित्तीय सहायता और ऋण आवेदन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही RAMP योजना के तहत उपलब्ध सुविधाओं और लाभों की जानकारी देते हुए उद्यमियों को इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सत्र का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शिल्पकारों और नए उद्यमियों को वित्तीय प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने ऋण आवेदन और योजनाओं से संबंधित सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया।

आयोजकों के अनुसार, इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय हस्तशिल्पियों और छोटे उद्यमियों को सरकारी सहायता की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनके व्यवसाय को नई दिशा देने में सहायक साबित हो सकते हैं।

सवाईपुर में पंचायती राज चुनाव में लोगों में दिखा खासा उत्साह, घुंघट की आड़ में चुनी गई सरकार





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- पंचायती राज चुनाव 2026 के प्रथम चरण में लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला । मतदान को लेकर मतदाताओं में जोश नजर आया और चुनावी प्रक्रिया में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । सवाईपुर, सोपुरा जाटों का, बड़ला, बनकाखेड़ा आदि गांवों गुरुवार को जिला परिषद सदस्यों व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव हुए । मतदान केन्द्रों पर प्रातः 7:00 बजे मतदान प्रारंभ हुआ, मतदाता घरों से निकलकर मतदान केंद्र में पहुंचे और अपने मत का प्रयोग किया । सुबह से ही मतदाताओं में मतदान को लेकर जोश देखने को मिला, वही युवा मतदाता ओर पहली बार वोट करने वाले मतदाता सोशल मीडिया पर अपनी फोटो व वीडियो लगाकर मतदान की अपील करते हुए दिखे । मतदान केंद्रों पर विकलांगों व बुजुर्गों मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई । ग्रामीण महिलाओं ने घूंघट की आड़ में गांवों की सरकार को चुनने के लिए मत का प्रयोग किया । सवाईपुर में 72.56 प्रतिशत, सोपुरा जाटों का में 80.55 प्रतिशत, बनकाखेड़ा में 77.08 प्रतिशत व बड़ला जाटों का में 83.39 प्रतिशत मतदान हुआ । मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टियों व पुलिसकर्मी मुस्तैद नजर आए ।।



QUICK BITES

पंचायत चुनाव ड्यूटी में लापरवाही, 3 प्रधानाचार्य और 1 व्याख्याता को नोटिस

अंतिम मतदान प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मांगा तीन दिन में स्पष्टीकरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पंचायत आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण की मतदान प्रक्रिया से जुड़े कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने चार शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें तीन प्रधानाचार्य और एक व्याख्याता शामिल हैं। चारों को 21 अक्टूबर को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण में उपस्थित होना था, लेकिन वे अनुपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार, नोटिस पाने वालों में जहाजपुर ब्लॉक के प्रधानाचार्य धर्मचंद मीना और उच्छबलाल मीणा, कोटड़ी ब्लॉक के प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा तथा करेड़ा ब्लॉक के व्याख्याता प्रभात ईनाणी शामिल हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की है।

नोटिस में उल्लेख किया गया है कि नियुक्ति सेल के कार्मिकों ने दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने की सूचना दी थी। इसके बावजूद वे प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। इसे राजकीय कार्य के प्रति लापरवाही और पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता माना गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने चारों कार्मिकों को तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

महात्मा गांधी अस्पताल के कर्मचारियों की लंबित सैलरी को लेकर आंदोलन का ऐलान

23 अक्टूबर को अधिवक्ताओं को सौंपेंगे याचिका, धनतेरस पर काली दिवाली मनाकर जताएंगे विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

महात्मा गांधी अस्पताल के कर्मचारियों की लंबित सैलरी के भुगतान की मांग को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने आंदोलन की घोषणा की है। महासंघ के बैनर तले 23 अक्टूबर से विभिन्न चरणों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन के तहत अधिवक्ताओं को याचिका सौंपने, चुनाव ड्यूटी के बाद भोजन का बहिष्कार करने और धनतेरस पर काली दिवाली मनाकर प्रशासन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने की योजना बनाई गई है।

महासंघ के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों की पीड़ा और उनकी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आंदोलन का निर्णय लिया गया है। महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया कि 23 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे महात्मा गांधी अस्पताल के कर्मचारी अधिवक्ताओं को अपनी मांगों से संबंधित याचिका सौंपेंगे। इस याचिका को न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी है, ताकि कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए न्यायिक स्तर पर प्रयास किया जा सके।

चुनाव ड्यूटी के बाद भोजन का बहिष्कार

महासंघ के महामंत्री समर्थ कुमावत ने बताया कि जिन कर्मचारियों की पंचायत चुनाव में ड्यूटी लगी हुई है, वे ड्यूटी पूरी होने के बाद भोजन का बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। महासंघ का कहना है कि इस कदम के माध्यम से लंबित वेतन भुगतान के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

धनतेरस पर काली दिवाली मनाने की घोषणा

महासंघ ने धनतेरस के दिन महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष काली दिवाली मनाकर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इसके साथ ही जिले के विभिन्न कार्यस्थलों पर कर्मचारी जमीन पर बैठकर अपनी समस्याओं को सामने रखेंगे और बकाया वेतन के भुगतान की मांग करेंगे।

महासंघ ने कर्मचारियों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की है। महासंघ पदाधिकारियों का कहना है कि कर्मचारियों को लंबित वेतन दिलाना प्राथमिकता है और समस्या का समाधान होने तक इस मांग को लगातार उठाया जाएगा।



बीगोद के विराट कवि सम्मेलन में देशभक्ति की गूंज, हास्य-व्यंग्य से देर रात तक ठहाके

तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव में देशभर के कवियों ने बांधा समां, विधायक गोपाल खंडेलवाल ने संस्कारवान बनने का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद





अमित जैन । नगर पालिका की ओर से आयोजित तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव के तहत बुधवार रात दशहरा मैदान में विराट कवि सम्मेलन हुआ। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने देशभक्ति, हास्य और व्यंग्य से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों पर देर रात तक मैदान तालियों और ठहाकों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल थे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष लोकेश नागोरी ने की। कवि सम्मेलन का शुभारंभ लखनऊ से आई कवयित्री शिखा श्रीवास्तव ने मां शारदे की वंदना के साथ किया।

हास्य-व्यंग्य ने बांधा समां, देशभक्ति की कविताओं ने जगाया जोश

राष्ट्रीय स्तर के कवि बुद्धि प्रकाश दाधीच (केकड़ी) ने अपनी हास्य-व्यंग्यात्मक रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने कहा कि हंसना-हंसाना मनुष्य का विशेषाधिकार है। विद्यालय और कॉलेज जीविका की शिक्षा देते हैं, जबकि कवि सम्मेलन जीवन जीने की कला सिखाते हैं और व्यक्ति के दृष्टिकोण का विकास करते हैं। उन्होंने दाम्पत्य जीवन के रोचक प्रसंगों और आजादी की खुशियों से जुड़ी रचनाओं के माध्यम से जीवन को सकारात्मक नजरिए से देखने का संदेश दिया।

हास्य कवि दीपक पारीक (भीलवाड़ा) ने अपने चुटीले अंदाज और प्रभावशाली संचालन से श्रोताओं को बांधे रखा। सिद्धार्थ देवल (उदयपुर) ने अपनी अनूठी शैली से खूब तालियां बटोरीं। मनोज गुर्जर (मावली) और हिमांशु बवंडर ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाकर श्रोताओं में देशप्रेम का जज्बा जगाया। वहीं ओम आदर्शी (शाहपुरा) ने राजस्थानी और मारवाड़ी भाषा में हास्य रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया।

स्थानीय कवि नवीन नव (बीगोद) ने राम, रावण, कंस और हनुमानजी से जुड़े प्रसंगों को काव्यात्मक अंदाज में प्रस्तुत करते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। उन्होंने नारी शक्ति सहित विभिन्न विषयों पर भी अपनी रचनाएं सुनाईं। हास्य कवि मनीष सुखवाल ने रामसेतु को प्रेम की सच्ची निशानी बताते हुए कविता प्रस्तुत की। साथ ही रानी पद्मिनी के जौहर का उल्लेख कर महिलाओं के संघर्ष, साहस और त्याग को अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया।

संस्कारवान बनकर क्षेत्र को संस्कारित करें : खंडेलवाल

कवि सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि बीगोद में वर्षों से रावण दहन की परंपरा चली आ रही है। वे बचपन में भी यहां रावण दहन देखने आया करते थे। उन्होंने कहा कि नवगठित नगर पालिका ने पहली बार तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव की शुरुआत की है, जो सराहनीय पहल है। इसके लिए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई दी।

विधायक ने कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ होने के साथ क्षणभंगुर भी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को संस्कारवान बनना चाहिए और अपने क्षेत्र को संस्कारित करने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने सफल आयोजन के लिए बीगोदवासियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन अंकित पारीक ने किया। दशहरा महोत्सव के तहत गुरुवार रात दशहरा मैदान में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

शाहपुरा के श्मशान घाट की रोड लाइटें बंद, अंतिम संस्कार में हो रही परेशानी

पहले भी उठ चुका है मामला, विधायक के निर्देशों के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था; चुनाव ड्यूटी में गए पालिका के चार कार्मिक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी। शहर के बेगूं रोड स्थित श्मशान घाट की बंद रोड लाइटों के कारण अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को दो लोगों के अंतिम संस्कार के दौरान शाम ढलने के साथ परिसर में अंधेरा छा गया। इससे परिजनों और अन्य लोगों को अंतिम विदाई देने में असुविधा हुई।


श्मशान घाटों की बदहाल व्यवस्था का मुद्दा पहले भी उठाया जा चुका है। इसके बाद विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने पंचायत समिति में बैठक लेकर विधानसभा क्षेत्र के श्मशान घाटों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद बेगूं रोड श्मशान घाट की लाइटें बंद रहने से नगर पालिका की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

कई बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

भाजपा के पूर्व पार्षद दुर्गा लाल कहार भी श्मशान घाट की बंद रोड लाइटों को लेकर नगर पालिका में कई बार शिकायत कर चुके हैं। स्थानीय लोगों ने लाइटें जल्द ठीक करवाने की मांग की है, ताकि अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को अंधेरे में परेशानी न हो।

चुनाव ड्यूटी में चार कार्मिक, व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार सेन ने 19 अक्टूबर को उपखंड अधिकारी को पत्र भेजकर बताया कि नगर पालिका के चार कार्मिकों की ड्यूटी पंचायतराज चुनाव में लगाई गई है। इनमें रोशनी शाखा के फजलुद्दीन मिरासी और रामगोपाल धाकड़ सहित वरिष्ठ सहायक महावीर प्रसाद जाट और जमादार उत्तम घुसर शामिल हैं।



अध्यक्ष ने दीपावली के मद्देनजर शहर की रोड लाइट और सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताते हुए संबंधित कार्मिकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा - कोठारी

विधायक कोठारी ने डीएमएफटी फंड से चल रहे विद्यालयों के निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने शहर के विभिन्न राजकीय विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्र में डीएमएफटी फंड से करवाए जा रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपयोगिता का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विधायक कोठारी ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, ए सेक्टर बापूनगर, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय न्यू बापूनगर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीको एरिया बिलिया, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय किशनावतों की खेड़ी तथा आंगनवाड़ी केंद्र किशनावतों की खेड़ी में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में निर्माणाधीन कक्षा-कक्षों, शौचालयों, हॉल सहित अन्य विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

कोठारी ने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डीएमएफटी फंड से करवाए जा रहे निर्माण कार्यों का उद्देश्य विद्यार्थियो को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप एवं तय समय सीमा में पूरे किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ गजेंद्र सिंह, पार्षद दिनेश सुथार, शिक्षाविद् विवेक निमावत, सत्यनारायण गुग्गड़ तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सहायक अभियंता साहिल शर्मा उपस्थित रहे।

रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शराफत मोहम्मद ने रखे विचार

बाकरां ग्राम पंचायत के सरपंच प्रत्याशी से भीलवाड़ा फोकस की विशेष चर्चा, ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर हुई बात

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

पंचायतराज चुनाव के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि सुविधाओं, युवाओं के मार्गदर्शन और पंचायत की पारदर्शी व्यवस्था जैसे मुद्दे चर्चा के प्रमुख विषय हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बाकरां के सरपंच पद के प्रत्याशी शराफत मोहम्मद के साथ भीलवाड़ा फोकस के संवाददाता सांवरिया सालवी ने क्षेत्रीय जरूरतों, ग्रामीण समस्याओं और विकास की संभावनाओं को लेकर बातचीत की। चर्चा में आवासीय पट्टों, ग्रामीण बैंकिंग सुविधा, खेल मैदान, लाइब्रेरी, एम्बुलेंस सेवा और गोवंश संरक्षण सहित विभिन्न विषयों पर उनके विचार सामने आए।

सार्वजनिक स्थलों के संरक्षण पर चर्चा

बातचीत में शराफत मोहम्मद ने सार्वजनिक स्थलों की जमीनों के संरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जहां अतिक्रमण की शिकायतें हों, वहां राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने पात्र परिवारों को नियमों के अनुरूप आवासीय पट्टे दिलाने और पंचायत के कामकाज में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता भी बताई।

रोजगार और ग्रामीण बैंकिंग सुविधा का मुद्दा

ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार को महत्वपूर्ण बताते हुए मोहम्मद ने मनरेगा के तहत पात्र लोगों को नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय की बात कही। उन्होंने बाकरां में बैंक शाखा या उपयुक्त बैंकिंग सुविधा शुरू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव रखने की आवश्यकता भी जताई, ताकि ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़े।



युवाओं के लिए लाइब्रेरी और खेल मैदान की जरूरत

युवाओं की शिक्षा और भविष्य को लेकर उन्होंने गांव में लाइब्रेरी विकसित कराने तथा आधुनिक खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करने की बात कही। उनके अनुसार, विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माहौल और युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के अवसर मिलना महत्वपूर्ण है।

स्वास्थ्य सेवाओं और एम्बुलेंस सुविधा पर जोर

ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सहायता को लेकर मोहम्मद ने जरूरतमंद मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा की आवश्यकता की बात कही। इसके लिए संबंधित विभागों, सामाजिक संस्थाओं और भामाशाहों से सहयोग की संभावनाएं तलाशने का विचार रखा। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाओं में सुधार के लिए संबंधित विभागों से समन्वय का मुद्दा भी चर्चा में रहा।

किसानों और गोवंश संरक्षण से जुड़े विषय

कृषि सुविधाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने खाद-बीज की उपलब्धता, फसल खरीद केंद्र और तौल कांटे जैसी जरूरतों को संबंधित विभागों के समक्ष उठाने की बात कही। वहीं गोवंश संरक्षण के लिए गोशालाओं में चारा, पानी और उपचार की बेहतर व्यवस्था विकसित करने हेतु सरकारी योजनाओं और जनसहयोग की संभावनाओं पर काम करने की आवश्यकता बताई।

सड़क, नाली और पारदर्शी पंचायत व्यवस्था

ग्राम पंचायत की बुनियादी सुविधाओं को लेकर सड़कों, नालियों, पेयजल और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार के विषय पर भी चर्चा हुई। मोहम्मद ने विकास कार्यों की जानकारी सार्वजनिक करने, शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं की नियमित सुनवाई की व्यवस्था विकसित करने के विचार रखे।

इस संवाद में बाकरां ग्राम पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों और संभावित समाधानों पर चर्चा हुई। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत सुविधाओं से संबंधित इन विषयों पर आगे की कार्रवाई पंचायत के अधिकार क्षेत्र, उपलब्ध संसाधनों, सरकारी योजनाओं और संबंधित विभागों की स्वीकृति एवं प्रक्रियाओं पर निर्भर करेगी।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने की विधायक कोठारी से मुलाकात

कोठारी के जनसेवा कार्यों और जनसुनवाई की संदीप शर्मा ने की सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा बुधवार को भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी के कार्यालय पहुंचे। यहां विधायक कोठारी ने संदीप शर्मा एवं उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का साहित्य भेंट कर भावपूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरान दोनों विधायकों के बीच राजनीतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। विधायक संदीप शर्मा ने विधायक अशोक कुमार कोठारी द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों, जनसेवा के प्रयासों तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में आमजन की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रहना जनसेवा का महत्वपूर्ण पहलू है।



विधायक कोठारी ने कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के साथ आए निजी सचिव मंजू शर्मा, अमित शुक्ला एवं राजेंद्र शर्मा का भी साहित्य भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। विधायक कोठारी ने शर्मा से कोटा की तर्ज पर भीलवाड़ा का विकास कैसे हो ,सुझाव भी मांगे।

इस अवसर पर पंडित अशोक व्यास, पुजारी मुरारी पांडे, उप महापौर राधे श्याम सोमानी, विधायक कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टाक, निजी सहायक गजेंद्र सिंह राठौड़, सुंदर लाल बम्बोड़ा, पार्षद बिलेश्वर डाड , दिनेश सुथार, सुभाष बाहेती, कमल कोठारी, संजय राठी, कैलाश जीनगर, राज कुमार त्रिवेदी,मोहम्मद असलम, एडवोकेट राघव आचार्य, गोविंद पुरोहित, मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्तगण उपस्थित रहे।

आसींद में निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर, 101 यूनिट रक्तदान

250 मरीजों की नेत्र जांच, 31 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित; आयुर्वेद, पंचकर्म और विभिन्न जांचों का भी मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

साकेतवासी महंत श्री केशवदास महाराज एवं स्मृतिशेष मैना देवी सोनी की पुण्य स्मृति में कस्बे में विशाल निःशुल्क चिकित्सा, आयुर्वेद एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। श्री केशव भक्त मंडल नृसिंह द्वारा आयोजित शिविर में भारत विकास परिषद और राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय आसींद का सहयोग रहा। शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चौहान सहित संत-महंत उपस्थित रहे। शिविर में पूरण दास की बगीची, भीलवाड़ा के महंत आशुतोष दास महाराज, महंत लाल बाबा, आसींद के महंत रामप्रकाश दास महाराज तथा जोगी भाटा के महंत का सानिध्य रहा। उपखंड अधिकारी विकास मोहन भाटी ने शिविर का अवलोकन कर सेवा कार्यों की सराहना की।

एक ही शिविर में कई चिकित्सा सुविधाओं का लाभ

ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि शिविर में कुल 101 यूनिट रक्तदान हुआ। नेत्र रोग चिकित्सा के लिए 250 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 31 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इसके अलावा 101 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

शिविर में 200 लोगों ने आयुर्वेद चिकित्सा तथा 25 लोगों ने पंचकर्म चिकित्सा का लाभ लिया। वहीं 100 लोगों की शुगर और 130 लोगों की हीमोग्लोबिन जांच की गई। आयोजकों के अनुसार, शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम में शंभूलाल सोनी, प्रकाश चौधरी, जमनालाल सोनी, चंद्रप्रकाश सोनी, कैलाश तोषनीवाल, रमेशचंद्र टेलर, आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमरसिंह चुंडावत, अखिलेश वैष्णव, महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट अध्यक्ष खूबी लाल सोनी, भारत विकास परिषद अध्यक्ष मानसिंह रावत सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।





QUICK BITES

आकोला में 63 प्रतिशत मतदान, शांतिपूर्ण संपन्न हुई वोटिंग

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



जसवंत पारीक। पंचायतराज आम चुनाव 2026 के तहत आकोला क्षेत्र में गुरुवार को जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चले मतदान में कुल 63 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर सुबह से मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने भी उत्साह के साथ मतदान प्रक्रिया में भाग लिया और अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया।

पूरे दिन मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मतदान संपन्न होने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्याशियों की जीत-हार को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

काछोला में 50.79 प्रतिशत मतदान, 2,979 मतदाताओं ने डाले वोट

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



पंचायतराज आम चुनाव 2026 के तहत गुरुवार को क्षेत्र में पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान हुआ। क्षेत्र में कुल 5,865 मतदाताओं में से 2,979 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल मतदान प्रतिशत 50.79 प्रतिशत दर्ज किया गया।

मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। महिला और पुरुष मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर मतदान को लेकर गतिविधियां बनी रहीं।

विभिन्न मतदान कक्षों में हुआ मतदान

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, मतदान कक्ष संख्या 5 में 482, कक्ष संख्या 7 में 452, कक्ष संख्या 9 में 442, कक्ष संख्या 12 में 548, कक्ष संख्या 14 में 515 तथा कक्ष संख्या 16 में 540 मतदाताओं ने मतदान किया।

गुरला में गौ सम्मान आह्वान अभियान, 800 से 1000 लोगों ने किए आस्था हस्ताक्षर

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



ग्राम पंचायत में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत ग्राम पंचायत भवन के सामने विशेष शिविर आयोजित किया गया। टेकरी के हनुमानजी एवं हनुमान चौकी आश्रम के महंत पुनीत दास त्यागी के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, अभियान के दौरान करीब 800 से 1000 लोगों ने आस्था हस्ताक्षर कर सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में गौमाता के सम्मान, संरक्षण, रखरखाव तथा भोजन और चारे की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने आगामी दिनों में गुरला में आदर्श गौशाला स्थापित करने का संकल्प लिया। बच्चों ने गौसेवा से जुड़े जयकारे लगाकर कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भागीदारी की।

गौ संरक्षण को लेकर रखीं मांगें

अभियान में आगामी 17 दिसंबर को दोपहर 12 से 1:15 बजे तक श्रीराम संकीर्तन तथा दोपहर 2 बजे 31 करोड़ हस्ताक्षरों के साथ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। अभियान के तहत गौहत्या समाप्त करने, गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय स्थापित करने की मांगें रखी गई हैं।

कार्यक्रम में रतन त्रिपाठी, सत्यनारायण सेन, योगेश त्रिपाठी, शंकर सिंह चुंडावत, विष्णु त्रिपाठी, राजकुमार माली, पवन कुमार माली, प्रहलाद तेली, पुखराज खटीक, केशव शर्मा, मोहित त्रिपाठी, सुरेश गुर्जर और शंकर गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/40890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।